an>

Title: Need to undertake renovation of water canal from Tenughat dam to Bokaro Steel Plant, Jharkhand.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह)** ः मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बोकारो जिले के तेनुघाट में बोकारो स्टील प्लांट को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1965 में तेनुघाट डैम के निर्माण कार्य की शुरूआत हुई। सन् 1972 में डैम से बोकारो स्टील प्लांट के लिए निर्मित कैनाल में पानी सप्लाई शुरू हुआ। तब से अब तक बोकारो स्टील प्लांट अपने उत्पादन एवं कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति हेतु इसी कैनाल पर निर्भर हैं। परन्तु इस कैनाल के सही रख-रखाव नहीं होने के कारण कैनाल की स्थिति जर्जर हो गयी है और आये दिन कैनाल टूटने एवं पानी रिसाव की घटनाएँ होती रहती हैं। ऐसी एक घटना 2.11.2016 को घटी जिसमें 23 नं. चैनल के समीप कैनाल टूट गया, जिसके कारण बोकारो स्टील प्लांट को पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गयी। इस कारण कंपनी की कई मिले बंद हो गयी जिससे 460 करोड़ से अधिक का नुकसान अब तक हो चुका है। कैनाल की देखरेख एवं मरम्मत का कार्य झारखण्ड सरकार के जल संसाधन विभाग एवं बोकारो इस्पात संयंत्र का संयुक्त रूप से है, परन्तु तालमेल की कमी के कारण इसकी देख-रेख सही ढंग से नहीं हो रही है, जिसका नतीजा सामने है। पानी आपूर्ति नहीं होने से कॉलोनियों में भी पेयजल आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। अंततः 17/18 नवम्बर को बोकारो स्टील प्लांट द्वारा कैनाल के टूटे हुए भाग पर स्टील प्लेट लगाकर मरम्मत करवायी गयी फिर भी पानी का आंशिक रिसाव जारी है। चेयरमैन सेल ने स्थल का स्वयं दौरा कर इसे भयावह बताया और नुकसान की बात स्वीकार की। अगर बोकारो स्टील प्रबंधन द्वारा शुरू दिन से ही सक्रियता दिखाई जाती तो कंपनी को इतना बड़ा नुकसान नहीं होता।

अतः केंद्र सरकार से मेरा आग्रह है कि उक्त कैनाल के पूर्ण जीर्णोद्धार करने हेतु बोकारो इस्पात संयंत्र एवं राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश दिया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने पाये।